RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : गुरुवार 14 सितंबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 141 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## बॉम्बे हाई कोर्ट में हुआ जनहित याचिका का निस्तारण

# गोवंडी रहीवासियो खुशखबरी दो वर्षो में शिफ्ट होगा बायोमेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट

**बॉम्बे हाई कोर्ट में हुआ जनहित याचिका का निस्तारण गोवंडी रहीवासियो खुसखबरी दो वर्षो में शिफ्ट होगा बायोमेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट , आखिर जनता को कोर्ट से मिला न्याय के टीवी कैंसर से ग्रस्त मरीजों की जनसंख्या पर लगेगा लगाम**

**मुंबई, (फिरोज सिद्दीकी)** बॉम्बे हाई कोर्ट से सोमवार को गोवंडी रहीवासियो को एक बड़ी राहत मिली है अदालत ने प्रदूषण के लिए जिम्मेदार बायो मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट के दो साल में पूरी तरह से बोरीवली के पातालगंगा इंडस्ट्रियल परिसर में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही बायोमेडिकल बेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट से होने वाले प्रदूषण को लेकर दायर जनहित याचिका को समाप्त कर दिया है।

मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय व न्यायमूर्ति आरिफ डॉक्टर की खंडपीठ के समक्ष सोमवार को गोवंडी न्यू संगम वेलफेयर सोसाइटी की ओर से फैयाज आलम की दायर याचिका पर सुनवाई हुई खंडपीठ ने बायोमेडिकल बेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट को 2 साल में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया है।

याचिका करता के वकील जमाल अली ने सुनवाई के दौरान बायोमेडिकल बेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट से होने वाले प्रदूषण से प्रभावित लोगों का मुआवजा देने पर जोर दिया। तो खंडपीठ ने उन्हें इसके लिए राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण एनजीटी के पास जाने को कहा। प्रभावितों को मुआवजा के लिए एनजीटी जाएंगे। याचिका करता फैयाज आलम ने कहा की खंडपीठ के फैसले से पहले पड़ाव पार कर लिया है।

याचिका में तीन मांगे रखी गई थी। इसमें से उनकी पहली प्रमुख मांग तय समय सीमा में प्लांट के स्थानांतरण की थी जो अब 2 साल में पूरी की जाएगी।उसकी दूसरी मांग प्लांट स्थानांतरित होने तक यहां होने वाले कचरे के प्रक्रिया के भर को आधा करना। वहीं जबकि तीसरी मांग प्लांट में हुए प्रदूषण से प्रभावितों



को मुआवजा देने की थी।इसके लिए वह फिर से राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के दरवाजा खटखटाना वाले हैं।

टीवी कैंसर के शिकार हो रहे लोग जनहित याचिका में दावा किया गया था कि गोवंडी स्थित डंपिंग ग्राउंड के समय बायो मेडिकल बेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट से निकल निकालने वाले धुएं के आसार प्लांट के आसपास स्थित इलाकों के नागरिकों के स्वास्थ्य को पढ़ रहा है इस प्लांट को हटाने की मांग बीते कई वर्षों से हो रही थी लेकिन इस मांग को महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अनदेखा कर रहा था। जनहित याचिका में कहा गया था इस प्लांट से निकलने वाले जहरीले धुएं के चलते लोग तमाम टीवी और कैंसर आदि रोगों से शिकार हो रहे हैं इसकी मांग की थी।

उल्लेखनीय तौर पर प्रशासन , केंद्रीय महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड आदि से शिकायत की थी। लेकिन सभी ने इस आवेदन को अनदेखा कर दिया था। पिछले दिनों सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने कहा कि वैज्ञानिक तरीके से जैव चिकित्सा अपशिष्ट के निपटान के लिए रासायनिक एमआईडीसी में। तैयार किया जा रहा है। वहीं परियोजना में महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पर्यावरण अन्य विभागों के सहयोग करना चाहिए इस प्रोजेक्ट के लिए जरूरी अनुमिताएं कम से कम समय में दी जाए। खंडपीठ ने प्रदूषण बोर्ड को कंपनी और बीएमसी अधिकारियों की संयुक्त बैठक बुलाने की बात कही थी। खंडपीठ ने सभी पक्षों के वकील है सुनाने के बाद पूरे प्लांट को स्थानांतरित करने के लिए 2 साल का समय दिया है।

## मुंबई में पूर्वी और पश्चिमी एक्सप्रेसवे को जोड़ने वाली सांताक्रूज-चेंबूर लिंक रोड को एलबीएस जंक्शन तक बढ़ाया जाएगा

**मुंबई :** मुंबई में पूर्वी और पश्चिमी एक्सप्रेसवे को जोड़ने वाली सांताक्रूज-चेंबूर लिंक रोड को एलबीएस जंक्शन तक बढ़ाया



जाएगा। इस परियोजना को मुंबई महानगरपालिका के प्रशसा/आयुक्त इकबाल सिंह चहल ने मंजूरी दे दी है और जल्द ही शासनादेश निकालकर काम शुरू कर दिया जाएगा. लेकिन पांच बड़े व्यवसायिक निर्माण इस विस्तार में बाधा बन रहे हैं. इन निर्माणों को हटाने को लेकर अभी वार्ड स्तर पर चर्चा चल रही है।

लिंक रोड का काम एमएमआरडीए के पास है, जबकि एलबीएस एक्सटेंशन का काम मुंबई मनपा के पास है। बीकेसी पर एमटीएनएल जंक्शन से निर्मित पुल एलबीएस जंक्शन से लगभग 100 मीटर पहले सांताक्रूज-चेंबूर लिंक रोड पर मौजूदा पुल के साथ मिल जाता है।

स्थानीय लोग मांग कर रहे थे कि एमएमआरडीए द्वारा बनाए गए पुल को एलबीएस रोड तक बढ़ाया जाए और घाटकोपर की ओर जाने वाली सड़क से जोड़ा जाए। प्रस्तावित पुल के निर्माण से बीकेसी से आने वाले वाहनों को तीन सिग्नल से बचते हुए एलबीएस के रास्ते घाटकोपर जाने में सुविधा होगी। साथ ही समय और ईंधन की भी बचत होगी. इसके अनुसार मनपा विस्तारीकरण का कार्य करेगी। इसके लिए टेंडर जारी कर दिया गया है और लागत 36 करोड़ 48 लाख रुपये आने का अनुमान है.

इस काम को शुरू करने से पहले मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल की मंजूरी जरूरी है और ऐसा प्रस्ताव उनके पास भेजा गया था. जिसके बाद मसौदा प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। हालांकि इस विस्तार कार्य में बाधा बन रहे पांच बड़े व्यवसायिक भवनों को दूसरी जगह शिफ्ट किया जाना है. यह प्रक्रिया पूरी करने के बाद ही विस्तार संभव है। इसके लिए कार्रवाई मनपा के कुर्ला एल वार्ड से की जाएगी. सूत्रों ने बताया कि इसके लिए वार्ड स्तर पर भी चर्चा की जा रही है. यह कार्य मानसून को छोड़कर 24 माह में किया जायेगा।

दो एक्सप्रेसवे, जो मुंबई के यातायात का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, को नॉन-स्टॉप, सिग्नल-मुक्त तरीके से जोड़ने के लिए एमएमआरडीए द्वारा 2014 में सांताक्रूज-चेंबूर लिंक रोड का काम शुरू किया गया था। यह मार्ग पश्चिम में वकोला से शुरू होता है और चेंबूर में अमर महल जंक्शन पर समाप्त होता है। इस मार्ग पर बीकेसी और एलबीएस के बीच फ्लाईओवर महत्वपूर्ण है। यह बीकेसी में एमटीएनएल एक्सचेंज के पास से शुरू होता है और एलबीएस मार्ग के पास समाप्त होता है। हालांकि इस लिंक रोड का काम 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है, लेकिन चौड़ीकरण का काम अभी बाकी है।

## लिव-इन में रह रही नैना की हत्या, आरोपी की पत्नी ने की मदद

**वसई,** पालघर में एक शख्स ने अपनी लिव-इन पार्टनर की हत्या कर दी है. रिपोर्ट्स के मुताबिक आरोपी फिल्म इंडस्ट्री में काम करता है. मरने वाली लड़की ने आरोपी मनोहर के खिलाफ रेप के आरोप लगाए थे और पुलिस थाने में उसके खिलाफ मामला भी दर्ज कराया था. आरोपी ने लड़की की हत्या 9 अगस्त से 12 अगस्त के बीच की है. लड़की का नाम नैना था जिसकी डेड बॉडी एक सूटकेस में गुजरात के वालसद में मिली है. एक अधिकारी ने कहा कि वलसाड में पुलिस ने एडीआर (आकस्मिक मृत्यु रिपोर्ट) दर्ज की थी और लाश का अंतिम संस्कार कर दिया था, क्योंकि कोई भी दावा करने के लिए आगे नहीं आया था. शुरूआती जांच से पता लगा है कि महिला को डुबो कर मारा गया और उसकी डेड बॉडी को सूटकेस में पैक कर करके फिर उसे नदी में फेंक दिया गया. पुलिस ने जानकारी दी है कि आरोपी वसई शहर का रहने वाला है, उसे सोमवार को अरेस्ट कर लिया गया है. पीड़िता के परिवार ने 14 अगस्त को मिसिंग रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

## माहिम में मुंबई दरबार रेस्तरां को संचालन बंद करने के लिए FDA ने कहा, बिना खाद्य लाइसेंस के चल रहा था




**माहिम :** खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने शहर में 68 भोजनालयों के स्वच्छता मानकों का परीक्षण करने के लिए एक विशेष अभियान में माहिम में एक रेस्तरां और एक क्लाउड किचन को बंद कर दिया है और दो अन्य पर जुर्माना लगाया है।

FDA ने यह अभियान 17 अगस्त को तब शुरू किया जब एक ग्राहक ने लोकप्रिय बांद्रा रेस्तरां पापा पंचो दा ढाबा में चिकन डिश में चूहा मिलने की शिकायत की, जिसे बाद में बंद कर दिया गया।

एफडीए अधिकारियों के अनुसार, माहिम में मुंबई दरबार को संचालन बंद करने के लिए कहा गया था क्योंकि यह बिना खाद्य लाइसेंस के चल रहा था। फिर भी रेस्तरां चालू है। रेस्तरां के सह-संस्थापक नचिकेत शेट्टी इस मुद्दे पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते। हमारी टीम ने एक विशेष अभियान के तहत शहर भर के 68 रेस्तरां में निरीक्षण किया। एफडीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हमने अनुपालन में कई कमियां पाए जाने के बाद दो को काम रोकने का नोटिस जारी किया है और दो पर जुर्माना लगाया है।




# संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## उच्च शिक्षा को सही राह दिखाने का समय

इस साल की सबसे दुखद खबरें राजस्थान के कोटा शहर से आईं, जहां कई छात्रों ने आत्महत्या कर ली। अकादमिक दबाव के समक्ष युवा छात्र–छात्राओं का इस प्रकार बिखर जाना बहुत ही त्रासद है। इससे भी अधिक चिंताजनक यह है कि क्या हमने इन स्थितियों से बचने के लिए पर्याप्त प्रयास किए हैं? इस तथ्य को स्वीकारने में कोई संकोच नहीं कि भारत में इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश के लिए परीक्षा विश्व की कठिनतम परीक्षाओं में से एक हैं। भले ही अकादमिक परिदृश्य कितना ही कठिन क्यों न हो, लेकिन हम उसकी गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं कर सकते। यदि हम ज्ञान के इस युग में शीर्ष पर रहना चाहते हैं तो गहन शिक्षा का कोई विकल्प नहीं हो सकता। वस्तुस्थिति यह है कि अकादमिक बोझ के बजाय प्रतिस्पर्धी दबाव छात्रों पर कहीं अधिक भारी पड़ रहा है। इस विकराल होती समस्या के समाधान के लिए आवश्यक है कि हम वास्तविक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करें।

देश में उच्च शिक्षा के मोर्चे पर मांग एवं आपूर्ति की दृष्टि से गहरी खाई विद्यमान है। लाखों आवेदकों की तुलना में उपलब्ध सीटों की संख्या अत्यंत सीमित है, जिसके कारण सफलता की दर बहुत कम है। विशेषरूप से सामान्य वर्ग के उन छात्रों के लिए जिन्हें किसी प्रकार के आरक्षण का लाभ नहीं मिलता। ऐसे में हमें अपना बुनियादी ढांचा बेहतर बनाना होगा। अधिक कालेज और विश्वविद्यालय खोलने होंगे ताकि ज्यादा सीटों के साथ अधिकतम छात्र समायोजित हो सकें। जिस गति से मांग बढ़ रही है, उसकी पूर्ति के लिए आपूर्ति कई गुना बढ़ानी ही होगी।

उच्च शिक्षा में निजीकरण की व्यवस्था भी अपेक्षित रूप से फलदायी नहीं सिद्ध हो पाई। अधिकांश निजी कालेजों के साथ गुणवत्ता की समस्या है, जिस कारण वे छात्रों की पहली प्राथमिकता नहीं बन पाते। प्रतिष्ठित संस्थानों में चुनिंदा सीटों का होना एक प्रमुख चुनौती है। इसीलिए छात्रों की वरीयता सूची में शीर्ष पर आने वाले शिक्षण केंद्रों की क्षमताओं को बढ़ाना अति आवश्यक है। हमें अधिक कालेजों की आवश्यकता है, विशेष रूप से टीयर 2 और टीयर 3 शहरों में। निजी क्षेत्र के साथ सहयोग, शिक्षा में निवेश बढ़ाने एवं विदेशी विश्वविद्यालयों के सुगम प्रवेश जैसी कुछ पहल हैं, जिन पर तत्परता के साथ काम किया जाना चाहिए। अन्य क्षेत्रों की भांति शिक्षा में भी डिजिटलीकरण कायापलट करने वाला हो सकता है। वर्चुअल कक्षाओं और आनलाइन टेस्ट जैसे विचार को अब साकार रूप देने का समय आ गया है। इसमें कुछ आरंभिक अड़चनें आ सकती हैं, लेकिन हमें उनसे प्रभावित हुए बिना वर्चुअल पठन–पाठन के परिदृश्य को और विकसित करना चाहिए।

हमारी शिक्षा प्रणाली की एक बड़ी समस्या यह है कि इसमें किसी एक परीक्षा विशेष पर हद से ज्यादा जोर होता है। यह चाहे इंजीनियरिंग के लिए जेईई हो या फिर मेडिकल के लिए नीट या हाल में शुरू की गई संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा यानी सीयूईटी, छात्रों का भविष्य किसी एक परीक्षा विशेष में प्रदर्शन पर टिका होता है। यह बिल्कुल किसी टी–20 मैच की तरह है कि एक खराब दिन आपको प्रतियोगिता से बाहर कर सकता है। हमारी प्रवेश प्रक्रिया के उलट विकसित देशों में प्रचलित प्रवेश परीक्षाओं की प्रकृति पर दृष्टि डालने से एक वैकल्पिक तस्वीर उभरती है। विश्व में अमेरिकी शिक्षण ढांचा सबसे उत्कृष्ट माना जाता है। इसी कारण अमेरिका सर्वाधिक छात्रों की पहली पसंद होता है। उच्च शिक्षा में प्रवेश के लिए अमेरिका में किसी छात्र के कक्षा नौ से बारहवीं के प्रदर्शन, अकादमिक से इतर खेल एवं अन्य गतिविधियों में छात्र की रुचि एवं स्तर का संज्ञान लिया जाता है। कालेज बोर्ड द्वारा आयोजित मानक परीक्षाओं का भी महत्व होता है। आवेदन पत्र की प्रकृति भी ऐसी होती है, जिसमें छात्र के लिए खुद को अभिव्यक्त करने का अवसर मिलता है। इससे प्रवेश का निर्णय करने वाली परिषद छात्र का समग्रता में आकलन करती है। चूंकि इसमें विभिन्न पैमानों का समावेश होता है इसलिए न केवल छात्र का बेहतर मूल्यांकन हो पाता है, बल्कि तनाव की गुंजाइश भी घट जाती है। केवल एक ही परीक्षा अंतिम होकर भाग्य निर्धारक नहीं बन जाती। क्या हम सबसे विकसित देश से कुछ सीख लेकर अपनी परिस्थितियों के अनुरूप उसमें जरूरी बदलाव कर सकते हैं?

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# दाऊद के भतीजे नजीर मोहम्मद फकी की गिरफ्तारी

## 1992 जे जे शूटआउट से था फरार...





**मुंबई :** 1992 जे जे शूटआउट का आरोपी नजीर मोहम्मद फकी तीन दशक बाद पुलिस के जाल में आया है। अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद का ये भतीजा कितना शातिर है और इसकी कितनी अहमियत है इसका अंदाजा इसी बात से लागाया जा सकता है कि अभी तक फकी की कोई फोटो मुंबई पुलिस के पास नहीं है। सूत्रों की माने तो फकी लम्बे समय से अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद के गुर्गे छोटा शकील के साथ रह रहा था। फकी को लेकर मुंबई पुलिस की तरफ से रेड कोर्नर नोटिस जारी किया गया है। फकी अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद के बारे में कई ताजा जानकारी और राज मुंबई पुलिस को दे सकता है। तीन दशक से फरार फकी का मिलना एक बड़ी कामयाबी के रूप में देखा जा सकता है। फकी को अंतिम बार दुबई में अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद के घर की शादी समारोह में देखा गया था। मगर पारिवारिक लोगों के आलावा उसको कोई पहचान नहीं सका था।

### जे जे शूट आउट का है आरोपी

अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहीम की बहन हसीना पारकर के पति की अरुण गवली गैंग द्वारा हुई हत्या के बाद दाऊद ने अपने जीजा इस्माइल पारकर की हत्या का बदला लेने के लिए जे जे शूटआउट की योजना बनाई थी। जिसमें उसने अपने भतीजे नजीर मोहम्मद फकी पर भरोसा जताया था। महत्वपूर्ण है कि इस पूरी प्लानिंग का मास्टर माइंड रहीम फकी को बताया जाता है।

### दुबई की शादी में अंतिम बार दिखा था फकी

अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहीम के तथाकथित समधी पाक क्रिकेटर जावेद मियादाद के दुबई में आयोजित हाई प्रोफाइल फंक्शन में भी फकी मौजूद था। हालांकि फकी की कोई तस्वीर नहीं होने के कारण उसको कोई पहचान नहीं सका था। महत्वपूर्ण है कि उस समय भी भारतीय खुफिया एजेंसियों ने इस शादी फंक्शन पर अपनी नजर गडाए रखी थी। लेकिन कई नए इनपुट मिलने के बावजूद फकी के बारे में उस समय भी कोई सूचना नहीं मिल सकी थी।

### जल्द ही भारत लाया जायेगा फकी !

मुंबई पुलिस के आला अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार पिछले सप्ताह ही इस केस से जुडी जानकारी के साथ रेड कार्नर नोटिस जारी किया गया है। पुलिस अभी तक ज्यादा जानकारी शेयर नहीं कर रही हैं। मगर फकी की गिरफ्तारी और भारत में जल्द उसके प्रत्यर्पण को लेकर अपनी कोशिश शुरू कर चुकी है। नवभारत के सूत्रों को मिली जानकारी के अनुसार उसे दुबई में गिरफ्तार किया गया है।

# सनातन धर्म पर टिप्पणी को लेकर उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ मामला दर्ज...

**ठाणे :** महाराष्ट्र में मीरा रोड पुलिस ने सनातन धर्म पर तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणी को लेकर एक व्यक्ति की शिकायत के बाद उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेता उदयनिधि ने हाल ही में आयोजित एक कार्यक्रम में सनातन धर्म को लोगों के बीच विभाजन और भेदभाव को बढ़ावा देने के लिए दोषी ठहराया था और कहा था कि इसे खत्म किया जाना चाहिए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक स्थानीय व्यक्ति की शिकायत के आधार पर मीरा रोड पुलिस ने मंगलवार रात स्टालिन के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 295-ए (जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कृत्य, जिसका मकसद किसी वर्ग के धर्म या धार्मिक आस्था का अपमान करके उसकी धार्मिक भावनाओं को आहत करना हो) और 153-ए (धर्म, जाति, जन्मस्थान, निवास, भाषा आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

# महाराष्ट्र के सीएम शिंदे ने उद्धव ठाकरे पर साधा निशाना...

## कहा- 'हमारे काम से कई लोगों के पेट में हो रहा दर्द'



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अपने पूर्ववर्ती उद्धव ठाकरे पर कटाक्ष करते हुए मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार के कार्यों के कारण कई लोगों के पेट में दर्द हो रहा है. शिंदे ने 'शासन आपल्या दारी' (सरकार आपके द्वार) कार्यक्रम में कहा कि ठाकरे के नेतृत्व वाली पिछली सरकार ने काम करना बंद कर दिया था. उन्होंने कहा, ''हमारे काम से कई लोगों के पेट में दर्द हो रहा है. 'शासन आपल्या दारी' पहल से लोगों को फायदा हो रहा है.''

शिंदे ने कहा, ''पेट दर्द के इलाज के लिए हम एक नया कार्यक्रम 'डॉक्टर एट योर डोरस्टेप' शुरू कर रहे हैं.'' ''आपने (ठाकरे) घर से काम किया (कोविड-19 महामारी के दौरान), लेकिन हम लोगों के दरवाजे तक पहुंच रहे हैं. शिंदे ने सवाल किया, जब आपके पास मौका था (मुख्यमंत्री के रूप में) तो आपने ऐसा क्यों नहीं किया?'' सीएम ने आगे कहा कि सत्ता खोने के बाद ठाकरे अपनी जमीन खो चुके हैं. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने जलगांव में आयोजित 'शासन आया दारी' कार्यक्रम को संबोधित किया. सीएम शिंदे ने कहा, 'हमने पिछले वर्ष में कई निर्णय लिये हैं.

### सीएम शिंदे का उद्धव पर निशाना

देश में 'संतान धर्म' को लेकर चल रहे विवाद के बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इस मामले पर विपक्षी गठबंधन इंडिया और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की आलोचना की है. सीएम शिंदे ने कहा, 'अब हिंदू धर्म के खिलाफ उनके चेहरे बेनकाब हो गए हैं. इस मामले पर पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे चुप हैं. हर किसी ने उनकी वफादारी देखी, सत्ता के लिए उन्होंने वफादारी बेची, उन्होंने बालासाहेब के विचार बेचे, उन्हें हमें वफादारी नहीं सिखानी चाहिए.'

# पब के मैनेजर पर चाकू से हमला, वाशी के सेक्टर- 19 की घटना, हफ्ता वसूली का मामला

**नवी मुंबई :** पब चलाने के लिए हफ्ता देने से इंकार करने पर पब में घुसकर मैनेजर पर चाकू से जानलेवा हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दिलचस्प बात यह है कि जब पुलिस कार्रवाई करने के लिए गई, तो आरोपियों ने उनके साथ भी दुर्व्यवहार भी किया। जानकारी के अनुसार यह घटना वाशी के सेक्टर-19 स्थित सत्र प्लाजा की व्यावसायिक इमारत में अरेबियन नाइट कैफे नामक पब में हुई।

### आरोपी ने हमले से पहले की मैनेजर की पिटाई

बताया जाता है कि पब में विवेक भोरे और पंकज चव्हाण दोनों रविवार की रात यहां आए थे। पब में बैठकर शराब पी, लेकिन जब बिल की रकम मांगी गई, तो उन्होंने बिल देने से इनकार कर दिया और धमकी दी कि अगर तुम्हें पब चलाना है, तो हमें प्रतिमाह 40,000 रुपए का हफ्ता देना होगा, नहीं तो तुम्हें अपना कारोबार नहीं करने दिया जाएगा। विवाद के चलते आरोपी



विवेक भोरे और पंकज चव्हाण ने मिलकर मैनेजर शशिधर रमेश कोटियान की पिटाई कर दी।

### पुलिस के साथ किया अभद्र व्यवहार

बताया गया कि आरोपी विवेक भोरे ने अपने पास रखे चाकू से शशिधर कोटियान के दाहिने हाथ की उंगली पर वार कर दिया। इसमें शशिधर कोटियान गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इस घटना की जानकारी मिलते ही एपीएमसी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक तनवीर शेख ने एक टीम को वहां भेजा और दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया। जब पुलिस टीम आरोपी को हिरासत में ले रही थी, तो आरोपी ने पुलिस से भी अभद्रता की। इन दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

दैनिक
रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : गुरुवार 14 सितंबर 2023






# पुणे होटल गर्वा के मालिक रामदास अखाड़े की हत्या मामले में आरोपी बालासाहेब खेडेकर की यरवदा जेल में मौत



**पुणे:** जानकारी सामने आई है कि उरुली कंचन में होटल गर्वा के मालिक रामदास अखाड़े की हत्या मामले में आरोपी बालासाहेब खेडेकर की यरवदा जेल में मौत हो गई है. रामदास अखाड़े का मामला पूरे जिले में चर्चा में रहा। बताया गया है कि उनकी मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई है. 18 जुलाई 2018 को होटल गरवा के मालिक रामदास अखाड़े की उनके होटल के पास चाकू और धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी. इस घटना में.

रामदास अखाड़े गंभीर रूप से घायल हो गये। अस्पताल में भर्ती कराने के बाद इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. इसके बाद पुलिस को घटना की गंभीरता का एहसास हुआ और घटना के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया. बालासाहेब खेडेकर और उनके बेटे और दस अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इन सभी को निशाना बनाया गया. उरुली कंचन में होटल गरवा के मालिक रामदास अखाड़े पर 18 जुलाई 2021 को उनके ही होटल परिसर में चाकू और धारदार हथियार से हमला किया गया था. जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गये. हमले के दो दिन बाद रामदास अखाड़े की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई. जानलेवा हमले के बाद बालासो खेडेकर और उनके बेटे समेत दस लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था. जिसमें ये सभी लगाए गए थे. बालासाहब खेडेकर के होटल के पास ही रामदास अखाड़े का होटल गढ़वा था. गरवा होटल की शुरूआत अच्छी रही। इसलिए खेडेकर का होटल बिजनेस नहीं चल रहा था. तभी बालासाहेब खेडकर ने अपने बेटे के साथ मिलकर अखाड़े पर चाकू और धारदार हथियार से हमला कर दिया.

# उपनगरीय ट्रेनों के देर रात के यात्रियों की सुविधा के लिए बेलापुर रेलवे स्टेशन और पनवेल रेलवे स्टेशन के बीच 32 विशेष बस सेवाएं शुरू



**नवी मुंबई:** नवी मुंबई नगर परिवहन (एनएमएमटी) ने उपनगरीय ट्रेनों के देर रात के यात्रियों की सुविधा के लिए बेलापुर रेलवे स्टेशन और पनवेल रेलवे स्टेशन के बीच 32 विशेष बस सेवाएं शुरू की हैं। मध्य रेलवे ने पनवेल स्टेशन पर समर्पित माल गलियारे के लिए दो ट्रैक (ऊपर और नीचे) के निर्माण की सुविधा के लिए रात के दौरान बेलापुर से पनवेल तक ब्लॉक लिया है, जिसकी योजना लगभग 45 दिनों की अवधि के लिए 18 अगस्त को शुरू की गई थी। 2 अक्टूबर को समाप्त होगा।

इस अवधि के दौरान, पनवेल स्टेशन यार्ड पर तीन से चार घंटे तक चलने वाला रात्रिकालीन ब्लॉक प्रभावी रहा है।

ब्लॉक रात में 12:30 बजे से सुबह 5:30 बजे तक पांच घंटे के लिए किया जा रहा है और 2 अक्टूबर तक जारी रहने की उम्मीद है। ब्लॉक अवधि के दौरान, सीएसएमटी से पनवेल तक की कुछ देर रात की सेवाएं रद्द की जा रही हैं या कम कर दिया गया. इसी तरह, पनवेल से सुबह की सेवाएं रद्द कर दी गई हैं। रेल यात्रियों की असुविधा को कम करने के लिए एनएमएमटी अतिरिक्त बसें चला रहा है। एनएनएमटी प्रबंधक को मध्य रेलवे से सहायता की मांग करते हुए पत्र मिला।

नवी मुंबई म्यूनिसिपल ट्रांसपोर्ट (एनएमएमटी) के परिवहन प्रबंधक योगेश कडुस्कर ने पुष्टि की कि उन्हें मध्य रेलवे से एक पत्र मिला है और उसके अनुसार दोनों तरफ से विशेष सेवाएं शुरू की गई हैं। एनएमएमटी बेलापुर और पनवेल के बीच कुल 32 विशेष सेवाएं चला रहा है। उन्होंने कहा, ''हमने देर रात के यात्रियों की सेवा के लिए आठ बसें तैनात की हैं। बसें सायन-पनवेल राजमार्ग के माध्यम से चलेंगी।'' उन्होंने कहा कि अंत से पहली बस रात 12 बजे शुरू होगी और आखिरी बस पनवेल से सुबह 6.34 बजे और बेलापुर से सुबह 7.26 बजे होगी।

# आजम खान और सपा विधायक नसीर खान के घर पर आयकर विभाग की छापेमारी



**उत्तर प्रदेश :** उत्तर प्रदेश के रामपुर में समाजवादी पार्टी (सपा) के महासचिव और पूर्व मंत्री मोहम्मद आजम खान के घर पर आयकर विभाग की टीम छापेमारी कर रही है. इस दौरान आयकर विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि आजम खान की तबीयत खराब हो गई है, इसलिए अभी उनसे पूछताछ नहीं की जा रही है. आयकर विभाग के अधिकारी कन्हैयालाल ने बताया कि आयकर विभाग की टीम रामपुर में करीब पांच स्थानों पर अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर रही है, जिसमें करीब 40 कर्मचारी शामिल हैं.

कन्हैयालाल ने आगे बताया कि छापेमारी अभियान के दौरान एसएसबी के जवान भी सुरक्षा में लगे हुए हैं. आजम खान पर मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी के निर्माण के लिए अपने ट्रस्ट को मिले पैसे का दुरुपयोग करने का आरोप है. आयकर विभाग की यह छापेमारी देशभर में यूनिवर्सिटी ट्रस्ट से जुड़े सभी लोगों के ठिकानों पर चल रही है. कन्हैयालाल ने यह भी बताया कि घर के अंदर आजम खान, उनकी पत्नी डॉ. तजीन फातिमा और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम मौजूद हैं. आजम खान के समर्थक भी उनके घर के बाहर मौजूद हैं और मीडिया का जमावड़ा है. आयकर विभाग के अधिकारी ने बताया कि आज सुबह से ही आयकर टीमें आजम खान के घर, उनके हमसफर रिजॉर्ट, जौहर यूनिवर्सिटी में छापेमारी में जुटी हैं. सपा विधायक नसीर खान के घर और फार्म हाउस पर भी आयकर विभाग की कार्रवाई चल रही है. इसके अलावा रामपुर जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष सलीम कासिम के खिलाफ भी आयकर विभाग की कार्रवाई चल रही है. आयकर विभाग के अधिकारी ने बताया कि आजम खान की तबीयत खराब होने के कारण अभी उनसे पूछताछ नहीं की गई है.

# मीरा रोड पुलिस ने सनातन धर्म पर टिप्पणी को लेकर तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ FIR दर्ज की



**ठाणे:** मीरा रोड पुलिस ने सनातन धर्म पर उनकी टिप्पणी को लेकर एक शिकायत के बाद तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है, एक अधिकारी ने बुधवार को कहा। डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन ने हाल ही में लोगों के बीच विभाजन और भेदभाव को बढ़ावा देने के लिए सनातन धर्म को दोषी ठहराया और कहा कि इसे खत्म किया जाना चाहिए। एक स्थानीय निवासी की शिकायत के आधार पर, मीरा रोड पुलिस ने मंगलवार रात स्टालिन के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 295-ए (जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कृत्य, किसी भी वर्ग के धर्म या धार्मिक विश्वासों का अपमान करके उनकी धार्मिक भावनाओं को अपमानित करने का इरादा) के तहत प्राथमिकी दर्ज की। ) और 153-ए (धर्म, जाति, जन्म स्थान, निवास, भाषा, आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना), अधिकारी ने कहा। एफआईआर के अनुसार, शिकायतकर्ता ने दावा किया कि स्टालिन की टिप्पणियों से सनातन धर्म का पालन करने वालों की भावनाओं और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है।

# सतारा में एक मुस्लिम युवक की हिंसा में हुई मौत के बाद हजारों लोगों ने हॉस्पिटल के बाहर पढ़ी नमाज



**महाराष्ट्र:** सतारा में एक मुस्लिम युवक की हिंसा में हुई मौत के बाद हजारों लोग सिविल हॉस्पिटल पर इकठ्ठा हुए और जौहर की नमाज अदा की. बता दें कि सतारा में अब भी कर्फ्यू जारी है. हिंसा पर उतारू दोनों समुदाय जब आमने-सामने थे तब भीड़ मस्जिद की दीवारों पर चढ़ गई थी. वहीं किस तरह से लोगों के घरों में और दुकानों में तोड़फोड़ की गई. इसका भी वीडियो सामने आया है. फिलहाल गांव में किसी को जाने की इजाजत नही है. दरअसल मुस्लिम युवक की मौत के विरोध में हजारों लोग सड़क पर उतरना चाहते थे. वहीं मुस्लिम समुदाय के प्रदर्शन को पुलिस ने इजाजत नहीं दी. लोग नाराज थे कि कैसे सिर्फ प्रशासनिक लापरवाही ने हिंसा को बढ़ावा दिया और दो समुदाय भिड़ गए. इसके अलावा समय पर पुलिस को सूचना देने के बाद भी एक्शन नही हुआ.

विवादित पोस्ट के पीछे साजिश वहीं विवादित पोस्ट करने के आरोपी मुजम्मिल के भाई से ळश 9 भारतवर्ष ने बात की. उसने कहा कि विवादित पोस्ट के पीछे साजिश है. बता दें कि पुसेसावली गांव में अब भी कर्फ्यू है और किसी को वहां जाने की इजाजत नही है. गाड़ियों की चेकिंग जारी है. माहौल बिगड़ने का डर बता दें कि सतारा के पुसेसावली गांव में एक शख्स की मौत के बाद मुस्लिम समाज के हजारों लोग मंगलवार को सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करना चाहते थे. लेकिन माहौल बिगड़ने के डर से पुलिस ने उन्हें इजाजत नहीं दी. जिससे लोगों मे नाराजगी दिखी. उनका कहना था कि कुछ लोगों ने जान बूझकर माहौल खराब किया, उसकी ठीक से जांच और कार्रवाई हो

सामान्य हो रहे हालात वहीं आरोपी मुजम्मिल के भाई साजिद से ळश 9 भारतवर्ष ने बात की. उन्होंने दावा किया कि उनका भाई निर्दोष है. विवादित पोस्ट उसके सोशल मीडिया अकाउंट को हैक करके किया गया था. साजिद ने कहा उसकी वजह से माहौल खराब होने की सूचना मिलने पर वो खुद पुलिस थाने गए थे. उन्होंने कहा कि उनके भाई को फंसाया गया है. वहीं प्रशासन का दावा है को स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है. तमिलनाडु में हजारों लोगों बकरीद की खास नमाज अदा की.

# मुंबईकरो कि मांग ने पकड़ी जोर बिल्डिंगों के लिफ्ट का राज्य सरकार ने कराया ऑडिट



**मुंबई (फिरोज सिद्दीकी)** शहर में बिल्डिंगों की लिफ्ट के बढ़ते हादसों के चलते मुंबईकरों में डर वा दहशत के साये में जीने को मजबूर है । उल्लेखनीय तौर पर बीते कुछ वर्षों के समय में मुंबई शहर की बड़ी संख्या में बिल्डिंगो के जंगल में बढ़ती लिफ्ट की धाराशाही होने के हादसों ने एक बार फिर से मुंबईकरों के माथे पर पसीने ला दिए है ।प्रशासन के लिए लिफ्ट के हादसों को और अब अनदेखा करना बहुत घातक सिद्ध होता जा रहा है ।मुंबइकर श्याम मोर्या के अनुसार आज जब से ऑनलाइन डिलेवरी का कार्य शुरू हुआ है लिफ्ट में अधिकतर डिलेवरी बॉयज को अपनी जान जोखिम में डालकर खाना डिलेवरी करना पड़ता है ।वहीं उसके बाद लिफ्ट में आवाह जाहि सबसे अधिक बिल्डिंगों की राहिवासियो की अधिक होती है । जिसके कारण डिलेवरी बॉयज के बाद बिल्डिंगों की रहीवासियो पर बिल्डिंगों के कभी भी धाराशाही होने का खतरा बढ़ता जा रहा है । राज्य की शिंदे ,देवेंद्र फडणवीस सरकार से मुंबईकरो द्वारा मांग की गई है मुंबई की अधिकांश सोसाइटीयो को बिल्डिंगों की लिफ्ट का ऑडिट करवाना अनिवार्य किया जाए जिससे हर हफ्ते सोसाइटीयो के संचालकों द्वारा लिफ्ट की हर हफ्ते चेकिंग की जाए ।जिससे कोई बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके ।

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : गुरुवार 14 सितंबर 2023






## टेंम्पो की चपेट में आने से सात वर्षीय छात्र की मौत, चालक गिरफ़्तार



**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी:** भिवंडी के शांतिनगर इलाके स्थित मनपा स्कूल नंबर 79 की पहली कक्षा में पढ़ने वाली छात्र आयरा मुनव्वर अंसारी सात वर्ष की आपे टेंपो की चपेट में आने से मौत हो गई है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची शांतिनगर पुलिस ने टेंपो चालक को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार शांतिनगर इलाके स्थित गौसिया मस्जिद के पास रहने वाले मो. मुनव्वर समी अंसारी 42 वर्ष की दो बेटी आयशा और आयरा रोज की तरह सुबह 11.45 बजे के करीब स्कूल जा रही थी। और जैसे ही वे शांतिनगर भाजी मार्केट के पास पहुंची तभी एक तेजगति से आ रहे आपे टेंपो नंबर एमएच.04. केएक्स 2174 ने सात वर्षीय आयरा को कुचल दिया। इस घटना में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गाई। तभी वहां मौजूद स्थानिकों ने बच्ची को उपचार हेतु एक निजी अस्पताल ले गए। हालत ज्यादा गंभीर होने के कारण उसे इंदिरा गांधी अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही मैके पर पहुंची शांतिनगर पुलिस ने टेंपो चालक अब्दुल वद्दु अमीरुल्लाह खान 28 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके खिलाफ पुलिस ने भादवी कलम 304(अ) 279 व मोटर वाहन एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। यह जानकारी सहायक पुलिस निरीक्षक संतोष तपासे ने दी है।

स्थानिकों का आरोप है की शांतिनगर भाजी मार्केट में सब्जी विक्रेता मनमानी तरीके से अपनी ठेला गाड़ी लगाते है। जिसके कारण वहां मार्ग पर जगह काम हो जाने से स्कूली छात्राओं सहित वहां के नागरिकों को आवागमन में काफी परेशानी होती है। और इसी कारण आज यह घटना हुई है। बैरहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मुंब्रा में विस्फोटकों का जखीरा मिलने से खलबली...

**ठाणे : मुंब्रा के रेतीबंदर के पास विस्फोटकों का जखीरा मिलने से खलबली मच गई है। पुलिस ने इन विस्फोटकों को जप्त कर लिया है। गणेशोत्सव के ठीक पहले भारी मात्रा में विस्फोटक मिलने से लोगों में किसी 'गड़बड़' के संकेत से भय व्याप्त है। यह बात इसलिए भी चिंताजनक है क्योंकि मुंब्रा एक संवेदनशील शहर है और वहां से अतीत में आतंकी गतिविधियों में लिप्त कई आतंकवादी पकड़े जा चुके हैं। इसके अलावा वहां स्लीपर सेल भी मौजूद हैं।**



मिली जानकारी के अनुसार मुंब्रा की जिस खाड़ी में ये विस्फोटक मिले हैं, वहां पर भारी संख्या में रेती का अवैध खनन किया जाता है। ऐसे में संभावना है कि इस सामग्री का उपयोग खाड़ी में सक्शन पंपों का उपयोग करके अवैध रेती खनन के लिए किया जाना था। उससे पहले ही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ये सारा स्टॉक जब्त कर लिया है। गणेशोत्सव से पहले पुलिस की यह बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। बता दें कि मंगलवार दोपहर मुंब्रा रेती बंदर में १६ जिलेटिन की छड़ें और १७ डेटोनेटर पाए गए। सूत्र बताते हैं कि इस सामग्री का उपयोग इस खाड़ी में सक्शन पंपों का उपयोग करके अवैध रेत खनन के लिए किया जाना था। इस घटना की जानकारी जैसे ही पुलिस को मिली वैसे ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्टॉक को जब्त कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय मछुआरों ने मुंब्रा रेती बंदरगाह पर सक्शन पंप का उपयोग करके अवैध रेत खनन की मशीनें पकड़ीं। इनमें से दो में जिलेटिन और डेटोनेटर भी संदिग्ध रूप से मिले। पुलिस, संबंधित अधिकारी और ठाणे तालुका वाटरशेड समिति के सदस्य रोहित जोशी ने घटनास्थल पर जाकर निरीक्षण किया। पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है।

खाड़ी में २ नौकाएं मिली हैं और पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि उसका मालिक कौन है? ठाणे पुलिस, कलवा पुलिस, मुंब्रा पुलिस, राजस्व अधिकारी, जिला प्रशासन, क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर मौजूद थी और जांच करने में जुट गई है।

## मुंबई/ डेढ़ वर्ष से चुनाव नहीं, २४ मनपा नगरसेवक विहीन




**मुंबई :** किसानों की दुर्दशा बदतर होती जा रही है। ग्रामीण ही नहीं शहरी इलाकों में भी सरकार ने प्रशासक बिठाकर जमकर मनमानी और हिटलरशाही में व्यस्त है। सरकार को जनता की समस्या से कोई लेना-देना नहीं है। इसीलिए राज्य के लगभग सभी मनपा के नगरसेवकों के कार्यकाल खत्म हो गए हैं। लेकिन गद्दार सरकार मनपा के चुनाव कराने के बारे में भी नहीं सोच रही है। राज्य के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि डेढ़ साल बीत गए हैं और किसी भी मनपा के चुनाव नहीं कराए गए हैं।

मुंबई मनपा में प्रशासक बिठाए १८ महीने पूरे हो गए हैं। इसी के साथ मनपा के अपने १५० साल पुराने इतिहास में निर्वाचित प्रतिनिधियों के बिना रहने वाला सबसे लंबा कार्यकाल बन गया है। मुंबई मनपा के इतिहास में यह सबसे बुरा इतिहास माना जा रहा है।

## देश में मुस्लिम, दलित और आदिवासियों के नरसंहार और हत्या कराने की साजिश – आंबेडकर



**मुंबई :** आगामी २०२४ के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सत्तारूढ़ भाजपा समेत सभी विपक्षी पार्टियां मोर्चा बनाने में जुट गई हैं। हर राजनीतिक दल की ओर से प्रचार की रणनीति बनाने के लिए राजनीतिक कदम उठाए जा रहे हैं। इस बीच वंचित बहुजन आघाड़ी के प्रमुख प्रकाश आंबेडकर ने सनसनीखेज बयान दिया है। देश में मुस्लिम, दलित और आदिवासियों के नरसंहार और हत्या कराने की साजिश चुनाव के मौके पर भाजपा-आरएसएस रच रही है, ऐसा सनसनीखेज बयान प्रकाश आंबेडकर ने दिया है। प्रकाश आंबेडकर ने 'एक्स' (ट्विटर) अकाउंट पर लिखे पोस्ट में कहा, 'सांप्रदायिक नफरत और हिंसा भड़काने के भाजपा-आरएसएस के इतिहास को देखते हुए २०२४ का चुनाव जीतने का उनका पारंपरिक एजेंडा लगता है।

## मराठा आरक्षण के मुद्दे को लेकर अनशनकर्ता ने पिया जहर... हालत गंभीर, अस्पताल में भर्ती



**मुंबई :** मराठा समुदाय को आरक्षण मिलना चाहिए इसलिए जेवली ग्राम के 35 वर्षीय युवक अशोक देवराव जाधव ने तहसील कार्यालय पर बीते 7 दिनों से चल रहे अनशन मंडप में ही मंगलवार 12 सिंतबर की दोपहर 1 बजे के आसपास कोराजन नामक जहरीला किटक नाशक पीने की घटना है। इस वजह से परिसर में खलबली मंची है, उक्त युवक की हालत गंभीर बतायी जा रही है। उसे उपचार के लिए यवतमाल में रेफर किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, बीते 7 दिनों से मराठा समुदाय को आरक्षण देने की मांग को लेकर तहसील कार्यालय के सामने अनशन चल रहा है, इस अनशन को समर्थन देने के लिए जेवली निवासी अशोक देवराव जाधव(35) भी उपस्थित थे, ऐसे में मंगलवार 12 सिंतबर की दोपहर अनशन मंडप में ही कोराजन नामक जगहरीला किटकनाशक पीकर आत्महत्या करने का प्रसाय किया, उसे तत्काल स्थानीय उपजिला अस्पताल में दाखिल किया गया, वहा उपचार करने के बाद डॉक्टरों के सल्ला से अनुसार उसे यवतमाल के लिए रेफर किया। परिस्थिती के गंभीरता को देखते हुए उपविभागीय पुलिस अधिकारी प्रदिप पाडवी, थानेदार शंकर पांचाल ने पुलिस टीम के अस्पताल में भेट दी। इस समय युवक को देखने के लिए नागरिकों में अस्पताल परिसर में भीड की थी। उक्त घटना के बाद पुलिस प्रशासन की भागदौड बढ गई है। आरक्षण देने की मांग को लेकर मराठा समुदाय की ओर से उमरखेड तहसील कार्यालय के सामने बीते 7 दिनों से बेमियादी अनशन पर बैठे सचिन घाडगे, गोपाल कलाने, सुदर्शन जाधव, शिवाजी पवार, शरद मगर के अनशन को समर्थन देने के लिए मिल रहा है।

## अपहर्ता की एक गलती पर मुंबई पहुंची पुलिस

### 10 दिनों में नाबालिग से क्या किया, मेडिकल जांच हो रही



**मुंबई :** दरभंगा के घनश्यामपुर थाना क्षेत्र से 3 सितंबर से गायब एक नाबालिग को पुलिस ने मुम्बई से बरामद कर लिया है। घनश्यामपुर थाना की पुलिस ने 15 वर्षीय नाबालिग सहित अपहरणकर्ता को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस नाबालिग को मेडिकल जांच कराने के बाद उसे 164 का बयान दर्ज कराने के लिए आज कोर्ट में पेश करेगी। कोर्ट के दिशा निर्देश पर आगे की कार्यवाई की जाएगी।

ग्रामीणों से पूछताछ करने पर पता चला कि मेरी पुत्री को लुकमान और उसका भाई सिकन्दर भगा ले गया है। तो मैंने लुकमान के पिता को फोन लगाया तो वह मेरे साथ गाली गलौज करने लगा। उसने बोला कि तुम्हारी बेटी को मेरा बेटा भगा ले गया है। वह मेरी बेटी के साथ मेरा सोना का जेबर मंगलसूत्र कान का झुमका जो लगभग दो लाख का था लेकर भाग गया है।

### 8 सितंबर को लड़की मां ने दर्ज कराई थी प्राथमिकी दर्ज

**नाबालिग की मां ने 8 सितंबर को घनश्यामपुर थाना में मधुबनी जिला के भेजा थाना क्षेत्र परबलपुर निवासी लुकमान और उसके भाई मो. रिजवान के खिलाफ अपनी पुत्री को भगा ले जाने की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया कि मेरी पुत्री शौच करने गई थी लेकिन काफी देर बाद भी वापस नही लौटी तो हमलोग काफी खोज बिन किये लेकिन कुछ पता नही चला।**

### आरोपी लुकमान को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**इस संबंध में घनश्यामपुर थानाध्यक्ष अजित कुमार ने बताया कि नाबालिग की मां के आवेदन पर दर्ज प्राथमिकी में आरोप लगाया गया था कि उनकी पुत्री का अपहरण कर लिया गया। मोबाइल लोकेशन और टेक्निकल सेल की सहायता से नाबालिग युवती को बरामद कर लिया गया है। उसका मेडिकल जांच कराने और कोर्ट में 164 का बयान दर्ज कराने के बाद उसे परिजनों को सौप दिया जाएगा। इस मामले के आरोपी लुकमान को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे भी न्यायिक हिरासत में जेल भेजने की प्रक्रिया चल रही है।**

### लड़की को भगा कर मुंबई ले गया था आरोपी

बताया जाता है कि आरोपी युवक लुकमान 15 वर्षीय नाबालिग को भगाकर मुम्बई ले गया था। पुलिस ने आरोपी परिवार वालो पर दबिश बनाना शुरू किया तो अपहता का मोबाइल लोकेशन मुम्बई का मिला। पुलिस ने मोबइल लोकेशन के आधार नाबालिग नाबालिग सहित आरोपी लुकमान को गिरफ्तार कर लिया है।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 – 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com